क्रमांकः एफ-22(12)/ला.ब.शा.रा.सं.वि./DSW/2025 |४०|

दिनांकः 02.09.2026

# कार्यालयीय सूचना

सर्वसम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि छात्र कल्याण पीठ के तत्वावधान में **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव** के उपलक्ष्य में दिनांक 03 **सितम्बर**, 2026 को **प्रातः** 09:00 **बजे से सायं** 05:00 **बजे तक** विश्वविद्यालय परिसर स्थित **विवेकानन्द सभागार** में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट व्याख्यान, भजन-सत्संग तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सम्मिलित होंगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के प्रति रुचि, सहभागिता, आपसी समन्वय तथा सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. आरती शर्मा, सहायक पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण पीठ होंगी। विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों से कार्यक्रम में सहभागिता तथा आवश्यक सहयोग का अनुरोध है। संबंधित अधिकारी/शाखाएँ सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के नियमों, अनुशासन एवं गरिमा का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए।

यह सूचना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी की जाती है।

सहायक कुलसचिव (विकास)

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:**

1. पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण पीठ - सूचनार्थ।
2. डॉ. आरती शर्मा, सहायक पीठाध्यक्ष, छात्र कल्याण पीठ - समन्वय एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. जनसंपर्क अधिकारी - आवश्यक प्रचार-प्रसार हेतु।
4. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर - विश्वविद्यालय की वेबसाइट/आधिकारिक व्हाट्सऐप समूहों पर सूचना प्रसारित करने हेतु।
5. सहायक अभियंता - कार्यक्रम संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने हेतु।
6. माननीय कुलपति/कुलसचिव/विताधिकारी महोदय के निजी सचिव - सूचनार्थ।
7. सभी पीठाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी/कर्मचारी - सूचनार्थ एवं सहभागिता हेतु।
8. संबंधित पत्रावली एवं कार्यालय आदेश पत्रावली।

सहायक कुलसचिव (विकास)